वर्ष- 02 अंक- 225
छपरा
6 जुलाई रविवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

मराठी एकता पर उद्धव-राज 20 साल बाद एक मंच पर

# राज बोले- जो बालासाहेब नहीं कर पाए, वो फडणवीस ने किया; उद्धव ने कहा- हिंदी थोपें नहीं

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर जारी विवाद के बीच उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी एकता पर मुंबई के वर्ली डोम में रैली की। इस मौके पर राज ठाकरे ने कहा , मैंने अपने इंटरव्यू में कहा था कि झगड़े से बड़ा महाराष्ट्र है। 20 साल बाद हम एक मंच पर आए हैं आपको दिख रहे हैं। हमारे लिए सिर्फ महाराष्ट्र और मराठी एजेंडा है, कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं है। उन्होंने कहा, जो बाला साहेब ठाकरे नहीं कर पाए, जो और कोई नहीं कर पाया, वो देवेंद्र फडणवीस ने कर दिखाया, हमें एक कर दिया। आपके पास विधान भवन में ताकत है, लेकिन



हमारे पास सड़कों पर ताकत है।

इसे विजय रैली नाम दिया गया है। इसमें कांग्रेस और एनसीपी शामिल नहीं हुई है। यह रैली किसी भी झंडे या पार्टी के बैनर तले नहीं की जा रही है। कहा गया है कि मराठी एकता के लिए सभी दल साथ आ सकते हैं। उधर, करीब 20 साल बाद उद्धव- राज ठाकरे एक मंच पर नजर आएंगे। आखिरी बार 2006 में बाला साहेब ठाकरे की रैली में साथ दिखे थे। उद्धव को शिवसेना का मुखिया बनाने के बाद राज ने अलग पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) बनाई थी।दरअसल, महाराष्ट्र सरकार ने इस साल 16 और 17 अप्रैल को हिंदी अनिवार्य करने से जुड़े दो आदेश दिए थे। इसके विरोध में उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने 5 जुलाई को संयुक्त रैली का ऐलान किया था। बाद में 29 जून को सरकार ने दोनों आदेश रद्द कर दिए। इस पर उद्धव दावा किया कि विपक्षी पार्टियों के विरोध की वजह से सरकार को फैसला वापस लेना पड़ा। उन्होंने 5 जुलाई की विरोध रैली को भी विजय रैली के रूप में करने की बात कही थी।



मध्य प्रदेश के 20 शहरों में भारी बारिश:

# राजस्थान में 167 एमएम बरसात, सामान्य से 137 प्रतिशत ज्यादा; हिमाचल में अब तक 69 की मौत

**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के 20 शहरों में शुक्रवार को भारी बारिश हुई। मंडला, सिवनी और बालाघाट जिलों में रेड अलर्ट रहा। जबलपुर में गैस सिलेंडर वाला ट्रक पानी में डूब गया। मंडला में बाढ़ की स्थिति है। टीकमगढ़ में 24 घंटे में 6 इंच पानी गिरा है। राजस्थान में 1 जून से अब तक 167.1 मिमी बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से 137त्न ज्यादा है। वहीं, लगातार मानसून एक्टिव होने से अब एक भी जिला सूखा नहीं है। जबकि पिछली जुलाई के पहले हफ्ते तक 14 जिले सूखे की चपेट में थे। हिमाचल प्रदेश में लगातार बारिश तबाही मचा रही है। उफनती नदियों से 14 पुल बह गए हैं। प्रदेश की 500 सड़कें पूरी तरह से बंद हैं। कांगड़ा, मंडी, चंबा और शिमला जिलों में भारी बारिश के चलते बाढ़ और लैंडस्लाइड से 69 लोगों की जान चली गई। सबसे बुरी स्थिति मंडी जिले में है, जहां 17 लोग मारे गए और 40 अभी भी लापता हैं।

उत्तरप्रदेश में भी तेज बारिश जारी है। वाराणसी का रत्नेश्वर महादेव मंदिर गंगा में आधा से ज्यादा डूब गया। इसके अलावा पंडा-पुरोहितों की 300 से ज्यादा चौकियां डूब गईं। यहां गंगा का जलस्तर 4 दिन में 15 फीट तक बढ़ा है। शुक्रवार रात 11 बजे तक गंगा का जलस्तर 62.63 मीटर दर्ज किया गया। खतरे का निशान 71.262 है।





### यूपी के 44 जिलों में बारिश का अलर्ट

यूपी के 44 जिलों में आज मौसम विभाग ने बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें 13 जिलों में भारी बारिश जबकि 31 जिलों में गरज-चमक के साथ पानी गिरने की चेतावनी जारी की है। पिछले 4 दिन में उत्तर प्रदेश में अनुमानित बारिश 136.2 मिमी हुई है। जो 18 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। यूपी में मानसून सीजन में नदियां उफान पर हैं। वाराणसी का रत्नेश्वर महादेव मंदिर गंगा में आधा से ज्यादा डूब गया। इसके अलावा पंडा-पुरोहितों की 300 से ज्यादा चौकियां डूब गईं। काशी में गंगा का जलस्तर 4 दिन में 15 फीट तक बढ़ा है।

### पंजाब में बारिश का यलो अलर्ट

पंजाब में एक बार फिर बारिश को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। बीते दिन पठानकोट और बठिंडा में हल्की बारिश देखने को मिली, जबकि अन्य राज्य सूखा रहा। जिसके चलते तापमान में अधिक बदलाव देखने को नहीं मिला है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज पठानकोट, अमृतसर, गुरदासपुर, होशियारपुर, रूपनगर और मोहाली में बारिश को लेकर यलो अलर्ट है। यहां मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि अन्य राज्य में मौसम सामान्य रहेगा। लेकिन, कल से तापमान में फिर से बदलाव देखने को मिल रहा है। अगले 48 घंटों में राज्य में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है और आधे से अधिक राज्य में बारिश की संभावनाएं जताई गई हैं।

## पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम सुखबीर बादल तनखैया घोषित

### तख्त पटना साहिब के पंच प्यारों का आदेश; 2 बार किया था तलब, नहीं पहुंचे



**लुधियाना,एजेंसी।** पंजाब के पूर्व डिप्टी सीएम और शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल को एक बार फिर तनखैया घोषित किया गया है। शनिवार को तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब से ये आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि सुखबीर बादल को 2 बार अपना स्पष्टीकरण देने के लिए तलब किया गया था, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचे। इसके बाद ये फैसला लिया गया।

तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के फैसले के मुताबिक सुखबीर बादल ने सिद्धांतों, मर्यादाओं और पंज प्यारों के आदेशों का उल्लंघन किया। तख्त की प्रबंधक समिति के अधिकारों में दखल दिया। 9 और 10 मई 2023 को समिति की बैठकों में लिए गए निर्णयों को खुली चुनौती दी। पंज प्यारे सिंह साहिबों की जांच में स्पष्ट हुआ है कि इस साजिश में सुखबीर बादल की भी अहम भूमिका रही। पंज प्यारों ने 21 मई और 1 जून को सुखबीर बादल को अपना पक्ष रखने के लिए मौके दिए, लेकिन दोनों दिन वे तख्त के समक्ष पेश नहीं हुए। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी के विशेष अनुरोध पर उन्हें 20 दिन का अतिरिक्त समय दिया गया, लेकिन तीसरे मौके पर भी तख्त के समक्ष उन्होंने अपना पक्ष नहीं रखा।

## मप्र में 15 लाख से अधिक विद्यार्थियों को दी जाएगी साइकिल

**भोपाल,एजेंसी।** यह आंकड़ा किसी भी राज्य सरकार द्वारा दी जा रही विद्यार्थियों को साइकिल वितरण का बहुत बड़ा है, जोकि मध्य प्रदेश में घटने जा रहा है। यहां मध्य प्रदेश की छात्राओं के लिए यह एक बड़ी खुशखबरी है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से उन्हें बड़ी संख्या में निशुल्क साइकिल दी जा रही है। इसके दिशा-निर्देश जारी करने के बाद अब इसके कार्यक्रम की घोषणा भी कर दी गई है। इसमें कक्षा छठवीं और नवमीं की छात्राओं को साइकिल दी जाएगी।

अब इसे लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्स के माध्यम से जानकारी साझा की है। उन्होंने एक पोस्टर शेयर करते हुए कहा कि 10 जुलाई को प्रदेश में 15 लाख से अधिक स्कूली विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की जाएंगी। वहीं, पोस्टर के अंदर लिखा हुआ है, शिक्षा की राह होगी साइकिल के संग आसान, कक्षा 6वीं और 9वीं में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों को दी जाएगी निन्शुल्क साइकिल। 15 लाख से अधिक विद्यार्थियों को मिलेगी नई ऊर्जा, नई रफ्तार, समानता और सुविधा की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश।उल्लेखनीय है कि गत सप्ताह स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से सरकारी स्कूलों में निन्शुल्क साइकिल वितरण के संबंध में दिशा-निर्देश जारी करते हुए बताया गया था कि ग्रामीण इलाकों के विद्यार्थी, जिन स्कूल गांव या शहर से दूर हैं, उन सभी में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वीं और 9वीं की छात्राओं को केवल एक ही बार इसका लाभ मिलेगा। दोबारा एडमिशन लेने पर साइकिल की पात्रता नहीं होगी। जिन ग्रामीण इलाकों में कन्या छात्रावास में अध्ययनरत छात्राएं का स्कूल 2 किलोमीटर से अधिक दूर है उन्हें ये साइकिलें आवंटित की जाएंगी।

# कमल हासन पर कन्नड़ भाषा-संस्कृति के खिलाफ बोलने पर रोक

### बेंगलुरु की सिविल कोर्ट का आदेश ; एक्टर ने कहा था- कन्नड़ तमिल से जन्मी

**बेंगलुरु,एजेंसी।** बेंगलुरु की एक सिविल कोर्ट ने एक्टर कमल हासन को कन्नड़ भाषा और संस्कृति के खिलाफ कोई भी टिप्पणी करने से रोक दिया है। कन्नड़ साहित्य परिषद ने कोर्ट में एक्टर के खिलाफ याचिका दायर की थी। शुक्रवार को दिए गए आदेश में अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई तक कमल हासन कोई भी ऐसा बयान न दें जो कन्नड़ भाषा, साहित्य, संस्कृति या भूमि को आहत करे या बदनाम करे। मामले की अगली सुनवाई 30 अगस्त को होगी। इससे पहले 18 जून को सुप्रीम कोर्ट



ने कहा था कि हासन को माफी मांगने की जरूरत नहीं है। वहीं, मामले में स्ट ने माफी मांगने का आदेश देने पर कर्नाटक हाईकोर्ट को फटकार भी लगाई थी। स्ट एक्टर की फिल्म कर्नाटक में रिलीज न करने से जुड़ी याचिका पर सुनवाई कर रहा था। कमल हासन ने 24 मई को चेन्नई में ठग लाइफ के ऑडियो लॉन्च इवेंट के दौरान कन्नड़ को लेकर विवादित बयान दिया था।

# अमरनाथ यात्रा: चंदरकोट में काफिले की बसें टकराईं, 36 घायल

- **पहलगाम रूट पर हादसा, बस के ब्रेक फेल हुए थे ; अबतक 30 हजार दर्शन कर चुके**

**श्रीनगर,एजेंसी।** अमरनाथ यात्रियों को लेकर जा रहे काफिले की चार बसों में टक्कर हो गई। रामबन जिले में चंदरकोट लंगर के पास हुए हादसे में करीब 36 यात्री घायल हो गए हैं। हादसा तब हुआ, जब ब्रेक फेल होने के कारण एक बस का ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा। इससे काफिले में शामिल तीन और बसें आपस में टकरा गईं। खबर मिलते ही रेस्क्यू टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और घायल तीर्थयात्रियों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रामबन ले






जाया गया है। बाकी यात्रियों को दूसरी गाड़ियों से पहलगाम के लिए रवाना किया गया है।

इससे पहले भारी बारिश के बावजूद 6,900 से तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शनिवार को भगवती नगर बेस कैंप से रवाना हुआ है। इस जत्थे में 5196 पुरुष, 1427 महिलाएं, 24 बच्चे, 331 साधु और साध्वी तथा एक ट्रांसजेंडर शामिल है।

यात्रा शुरू होने के दूसरे दिन शुक्रवार शाम 7 बजे तक 26,000 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन कर लिए थे। यह संख्या बढ़कर 30 हजार हो गई है। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी।

38 दिन तक चलने वाली यात्रा पहलगाम और बालटाल दोनों रूट से जारी है। समापन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन होगा। पिछले साल यात्रा 52 दिन चली थी और 5 लाख श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के दर्शन किए थे। अबतक 3.5 लाख से ज्यादा तीर्थयात्री रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए जम्मू में सरस्वती धाम, वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा में सेंटर खोले गए हैं। यहां रोज 2000 श्रद्धालुओं का रजिस्ट्रेशन जारी है।

# संभल हादसे में दूल्हे समेत 8 की मौत पर दुखी हुए पीएम मोदी

### मृतकों को पीएम राहत कोष से 2 लाख का ऐलान





**संभल,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के संभल में कल रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जाहिर किया है। यहां शुक्रवार देर शाम एक भीषण दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बारात जा रही बोलेरो कार कॉलेज की दीवार से अनियंत्रित होकर टकरा गई। हादसे में दूल्हे समेत 8 लोगों की मौत की खबर है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से मृतकों के परिजन को 2 लाख और घायलों को 50 हजार दिया जाएगा।

पीएमओ के आधिकारिक हैंडल से पोस्ट में बताया- संभल में हुई दुर्घटना में जान गंवाने की घटना दुख प्रदान करने वाली है। हादसे में मरने वालों के प्रति संवेदना है और घायल जल्द ही स्वस्थ हो जाएं, ऐसी प्रार्थना है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष ( PMNRF ) से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख की राशि मिलेगी। वहीं घायलों को 50 हजार रुपये मिलेंगे।

जानकारी मुताबिक, संभल स्थित चंदौसी के गुन्नौर के जुनावई थाना क्षेत्र के गांव हरगोविंदपुर निवासी सूरज की बारात जिला बदायूं के थाना बिल्सी क्षेत्र में जा रही थी इस दौरान जुनावई के जनता इंटर कॉलेज की दीवार से बेकाबू बोलेरो कार जा टकराई, जिसमें दूल्हा सूरज (24), उसकी भाभी आशा (26) और आशा की बेटी ऐश्वर्या (दो), छह वर्षीय बालक विष्णु पुत्र मनोज और एक अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। 3 ने बाद में दम तोड़ा।

पुजारी ने मंदिर में दो बच्चियों के साथ किया दुष्कर्म

# छतरपुर में परिजन पर त्रिशूल से हमला करने दौड़ा, लोगों ने कर दी पिटाई

**छतरपुर (मध्य प्रदेश),एजेंसी।** छतरपुर में 60 वर्षीय पुजारी पर मंदिर में दो बच्चियों से दुष्कर्म करने का आरोप है। बच्चियों के परिजन जब मंदिर पहुंचे तो पुजारी ने त्रिशूल से हमला करने की कोशिश की। लोगों ने उसे पीट दिया। शुक्रवार देर रात परिजन थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पॉक्सो का केस आरोपी पुजारी को हिरासत में ले लिया है। घटना गढ़ीमलहरा की है। नाबालिग बहनों के परिजन ने पुलिस को बताया कि आरोपी भागवत शरण दुबे गांव के महाकाल आश्रम मंदिर का पुजारी है। वह ऊजरा का रहने वाला है और पिछले 4 साल से आश्रम में रह रहा है। गुरुवार को 5 और 6 साल की चचेरी बहनें घर जा रही थीं। इसी दौरान पुजारी प्रसाद देने के बहाने दोनों को मंदिर के अंदर ले गया। बच्चियों ने घर आकर परिजनों को बताया।

**पहले भी ऐसी हरकत कर चुका है पुजारी :**पहली बार जब पुजारी ने वारदात को अंजाम दिया तो परिजन उसे समझाने पहुंचे थे। इसके बाद दूसरी बार लोगों ने उसे गांव से भगाने का निर्णय लिया। उसे मंदिर से जाने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं गया। गुरुवार को तीसरी बार पुजारी ने बच्चियों के साथ गलत काम किया। इसके बाद पुलिस से उसकी शिकायत की गई। थाना प्रभारी रीता सिंह ने बताया, पुजारी भागवत शरण दुबे ने बच्चियों को प्रसाद देने के बहाने बुलाया। इसके बाद उनसे अश्लील हरकत की। एक बच्ची के प्राइवेट पार्ट को मुंह से काट दिया।

# मेरी बात लिख लो ! गोयल चाहे जितनी छाती ठोक लें, ट्रंप के टैरिफ के आगे चुपचाप झुक जाएंगे पीएम

**नई दिल्ली,एजेंसी।** ट्रंप की ओर से टैरिफ लागू करने को लेकर बढ़ाई गई समयसीमा खत्म हो रही है। दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर अभी कोई बात नहीं बन पाई है। ऐसे में राहुल गांधी ने अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ लागू करने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बने गतिरोध के बीच तय समय सीमा के आगे झुक जाएंगे। दरअसल, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। इस बार उन्होंने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और पीएम मोदी को अमेरिकी टैरिफ नीति को लेकर घेरा है। राहुल गांधी ने अपने एक्स में कहा कि मोदी सरकार अमेरिका के दबाव में आने वाली है और ट्रंप की तय समयसीमा के सामने झुक जाएगी। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा-पीयूष गोयल चाहे जितनी छाती ठोक लें, मेरी बात लिख लीजिए, मोदी ट्रंप की टैरिफ डेडलाइन के सामने चुपचाप झुक जाएंगे। कांग्रेस नेता ने ये बयान ऐसे समय पर दिया है जब भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक शुल्क को लेकर तनाव बना हुआ है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर कुछ सामानों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने की चेतावनी दी थी। इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की प्रतिक्रिया को लेकर विपक्ष



लगातार सवाल उठा रहा है।

**केंद्रीय मंत्री गोयल ने यह कहा था :**इधर, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा था कि भारत व्यापार समझौते अपनी शर्तों पर करता है। अमेरिका, यूरोपीय संघ, न्यूजीलैंड, ओमान, चिली और पेरू जैसे देशों के साथ बातचीत चल रही है। भारत तभी समझौता करता है जब दोनों देशों को फायदा हो और भारत के हित सुरक्षित रहें। हमारे लिए देश का हित सबसे जरूरी है। भारत किसी भी डेडलाइन के दबाव में समझौता नहीं करता। जब कोई सौदा देश के लिए अच्छा होता है, तभी हम उसे मंजूरी देते हैं।

**9 जुलाई को खत्म हो रही डेडलाइन :**गौरतलब है कि भारत की ओर से यह साफ संदेश दिया गया है कि वह किसी दबाव में आकर व्यापार समझौता नहीं करेगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगभग 100 देशों पर जवाबी टैरिफ लगाए थे, जिनमें भारत पर 26 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया था। हालांकि बाद में अमेरिका ने इन टैरिफ को 90 दिनों के लिए टाल दिया था, लेकिन यह छूट 9 जुलाई को खत्म हो रही है। इसी वजह से इस व्यापार डील को लेकर चर्चा तेज हो गई है।

**कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम नहीं करेगा भारत :**एक प्रमुख मुद्दा यह है कि भारत ने मक्का और सोयाबीन जैसे अमेरिकी कृषि आयातों पर टैरिफ कम नहीं करने का कड़ा रुख अपनाया है। भारत में 80 मिलियन से अधिक लोगों को रोजगार देने वाले डेयरी क्षेत्र में ट्रम्प प्रशासन ने व्यापक पहुंच की मांग की थी। यह भी विवाद का मुद्दा रहा है।

## 5 दिनों से युवक लापता परिजन परेशान

**गड़खा(सारण)**।गड़खा प्रखंड के पिरौना निवासी निर्मल कुमार राय के 23 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार पिछले 5 दिनों से लापता है। माता पिता भाई बहन सहित सभी परिजन काफी परेशान है। परिजनों ने बताया कि 30 जून को शाम को घर से बाहर गया फिर अब तक लौटा नहीं । सभी परिजन पिछले 5 दिनों से खोज बिन कर परेशान है।

## मुहर्रम को लेकर निकाला गया फ्लैग मार्च

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** जिला प्रशासन के दिशा निर्देश के अनुसार मुहर्रम पर्व में गांवों में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए नायगांव थाना क्षेत्र मकरा,बहैरवागाछी,शेख टोला से ताजिया जुलूस निकाला जाएगा इसके साथ ही शेख डुमरी सहित पूरे थाना क्षेत्र में थाना अध्यक्ष के नेतृत्व में शनिवार को पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया । थानाध्यक्ष ने माईकिंग क़े द्वारा लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने अफवाहों से बचने की सलाह दी। थानाध्यक्ष ने कहा कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य शांति और अमन-चैन बनाए रखना है। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। नागरिकों से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन को देने का अनुरोध किया है । फ्लैग मार्च क़े दौरान ड्रोन कैमरा के मदद से सभी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी गई। थाना अध्यक्ष ने कहा कि मोहर्रम के दिन ड्रोन कैमरा एवं वीडियो ग्राफी के द्वारा असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी पुलिस बाल प्रत्येक चौक चौराहा एवं निकलने वाले जुलूस के साथ सादे एवं वर्दी लिवास में पुलिस रहेगी।उन्होंने कहा कि मुहर्रम पर्व को लेकर बिल्कुल शांति व्यवस्था बनाए रखें। ताकि आपसी भाईचारा कायम रहे। शांति पूर्ण तरिके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी मिलकर मोहर्रम का त्यौहार मनावें। थानाध्यक्ष ने कहा कि सोशल मीडिया पर साइबर सेल की नजर हैं इसलिए ऐसे पोस्ट करने से बचें जिससे गांवों में माहौल न बिगड़े। यदि ऐसा करते पाए जाएंगे तो कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा।

## दहेज प्रताड़ना मामले में पांच पर प्राथमिकी

**मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के मिर्जापुर में दहेज प्रताड़ना के मामले में पुलिस ने नवविवाहिता की लिखित आवेदन पर एक प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी में पीड़िता के पति समेत पांच लोगों को नामजद किया गया है। पुलिस ने बताया कि डेरनी के विसम्भरपुर निवासी रिना कुमारी के लिखित आवेदन पर दहेज प्रताड़ना में मिर्जापुर निवासी मंजेश कुमार, लालबाबु महतो, राजेश कुमार समेत पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है कि दहेज में पांच लाख रुपये की मांग को लेकर नामित आरोपी उसे प्रताड़ित और मारपीट करते हैं। बीते 29 जुन को उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया है।

## जन सुराज क़े पंचायत स्तर पर बूथ कमेटी का हुआ गठन,सबलपुर में पंचायत स्तर पर अध्यक्ष व सचिव का हुआ चुनाव

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर विधानसभा क्षेत्र क़े अंतर्गत सबलपुर पूर्वी पंचायत एवं उत्तरी पंचायत में जन सुराज क़े सोनपुर प्रखंड चुनाव प्रभारी राम बाबु राय क़े नैतित्त्व में सभी ग्रामीणों के साथ जनसंपर्क कर उनके साथ जन संवाद किया गया तथा पंचायत स्तर पर बूथ कमिटी क़े गठन करते हुए सदस्यता बनाकर पंचायत अध्यक्ष व सचिव पद पर मनोनीत किया गया। जिसमें सबलपुर पूर्वी बूथ नंबर 222 से पंचायत अध्यक्ष के रूप में राकेश राय पिता राजदेव राय जबकि पंचायत सचिव के पद पर पंकज कुमार पिता शंभू राय को मनोनीत किया गया वहीं बूथ संख्या 203 सबलपुर उत्तरी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष के रूप में पिंटू कुमार सिंह पिता हरेंद्र सिंह जबकि पंचायत सचिव के पद पर महेश राय पिता स्वर्गीय हरिद्वरा राय को मनोनीत किया गया। पंचायत स्तर क़े सभी पदाधिकारी व सदस्यों को अपने पद क़े दायित्वों को निर्वाहन ईमानदारी पूर्वक कार्य करने क़े लिए कहा गया साथ ही जन सुराज पार्टी क़े विचारों व सिद्धांतो, कार्यों क़े जनकारी देते हुए पंचायत स्तर पर बढ़ चढ़कर सदस्य बनाने एवं जन सुराज पार्टी के मजबूत करने के लिए सभी सदस्यों को दिशा निर्देश दिया।

## रोगी कल्याण समिति के लिए 6 सदस्य मनोनीत

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भाजपा ने सारण जिले क़े सोनपुर अनुमंडल अस्पताल सह प्राथामिक स्वास्थ्य केन्द्र क़े रोगी कल्याण क़े लिए समिति क़े 6 सदस्य मनोनीत किया है। जिसमे श्रीमती कंचन देवी ग्राम- डुमरी बुजुर्ग, पो0- डुमरी बुजुर्ग, थाना- नयागांव, भगवान दास ग्राम- सैदपुर, पो0- रहीमपुर, थाना- पहलेजा, सोनपुर,

मन्नु गिरी ग्राम- भस्ककरा, पो0- मगरपाल, थाना- दरियापुर, श्री मती राणा विमल, विन्दावन कॉलोनी सोनपुर, अजय पासवान, ग्राम - भारपुरा सोनपुर,

चंदन चौहान, ग्राम+पो0-शिकारपुर, सोनपुर क़े कुल 6 मनोनीत सदस्यों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, स्वास्थ मंत्री मंगल पांडये,राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## सोनपुर में भाजपा क़े तीनो शक्ति केन्द्रो क़े पदाधिकारीयों की हुई महत्वपूर्ण बैठक

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** भाजपा नगर मंडल एवं तीनो शक्ति केन्द्रो की एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा कार्यालय सोनपुर मे नगर भाजपा अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु की अध्यक्षता मे शनिवार को संपन्न हुई। बैठक मे संगठन कि मजबूती और आगामी चुनाव कि तैयारियों के लेकर गहन चर्चा कि गई, बैठक मे उपस्थित मुख्य वक्ता प्रदेश प्रवक्ता उपेन्द्र सिंह ने कार्यकर्त्ता को आगामी चुनाव को ध्यान मे रखते हुये अपना बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम कि जानकारी दी और बूथ शशक्तिकरण पर बल देते हुये कार्यकर्त्ता मे जोश और उत्साह का संचार दिये। बैठक मे केंद्रीय कार्यालय से अभय कुमार सिंह द्वारा वेब एप्प के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओ को डिजिटल प्रशिक्षण प्रदान किया गया, उन्होंने ने कार्यकर्त्ताओ को तकनिकी रुप से शक्त बनाने पर बल दिया। इस अवसर पर प्रदेश क्रीड़ा प्रकोष्ठ प्रभारी अभय कुमार सिंह ने भी संगठन के मजबूती पर बल दिया। इस मौके पर दक्षिणी मण्डल अध्यक्ष दीपक शर्मा, नरेश सिंह, संजीव सिंह सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राणा सांगा के नाम पर सांसद रुडी की 'सांगा यात्रा' का आगाज

**● राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति के संकल्प को मजबूत करने की पहल ● राणा सांगा के नाम पर सांगा यात्रा की शुरुआत**

- **सांसद रुडी ने किया खुदीराम बोस की भूमि मुजफ्फरपुर से आगाज**
- **क्षत्रिय समाज ने किया गर्मजोशी से स्वागत, बिहार के विभिन्न जिलों में होंगे कार्यक्रम**
- **बाबू वीर कुँवर सिंह शौर्य दिवस के लिए आभार यात्रा**

**दैनिक खोज खबर/मुजफ्फरपुर।** राष्टीय एकता, अखंडता एवं देशभक्ति की भावना को जन-जन में पुनः जागृत करने के उद्देश्य से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सारण सांसद राजीव प्रताप रुडी ने महान इतिहास पुरुष राणा सांगा के नाम पर ÷सांगा यात्रा÷ का शुभारंभ किया। इस यात्रा की शुरुआत शनिवार को अमर स्वाधीनता सेनानी खुदीराम बोस की कीर्ति स्थली मुजफ्फरपुर से की गई। सांसद की यह यात्रा मुजफ्फरपुर जिले तथा मुजफ्फरपुर जिले के अंतर्गत आने वाले वैशाली लोकसभा क्षेत्र में संपन्न हुई।

मुजफ्फरपुर पहुँचने पर सांसद श्री रुडी का क्षत्रिय समाज के गणमान्य लोगों ने भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान सीवान से जदयू नेता अजय सिंह, बाबू वीर कुँवर सिंह शौर्य जयंती आयोजन समिति के अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, आनंद कुमार सिंह उर्फ बाबू साहब, शशी भूषण सिंह मुखिया, अमरेंद्र कुमार सिंह,



अनील कुमार सिंह, संतोष सिंह, करणी सेना के प्रियांशु सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष मोतीपुर के मनोज सिंह, राजेश सिंह, अनील सिंह पंचायत समिति सदस्य, विकास सिंह मुखिया, सिकंदर सिंह, सरपंच जिला उपध्यक्ष मनोज कुमार, राणा मुकेश सिंह, मृत्युंजय शाही, विजय सिंह साई, शत्रुघ्न सिंह सहित अनेक सम्मानित जन उपस्थित थे। अपनी यात्रा के दौरान मुजफ्फरपुर में श्री रुडी का कामेश्वरनाथ शिव मंदिर, गोकुल डेयरी, गायत्री पैलेस, मीनापुर चौक, मोतीपुर चौक से पहले रतनपुर में क्षत्रिय समाज द्वारा सांसद श्री रुडी का अभिनंदन किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री रुडी के साथ सांसद श्री रुडी ने बताया कि यह ÷सांगा यात्रा÷ आगामी 23 अप्रैल को बाबू वीर कुंवर सिंह के शौर्य दिवस पर पटना में बिहार भर से जुटे क्षत्रिय समाज के प्रतिनिधियों के प्रति आभार प्रकट करने हेतु समर्पित है। इस यात्रा के माध्यम से वे बिहार के शिवहर, आरा, गया, जहानाबाद, अरवल, वैशाली, मुंगेर, जमुई, मोतिहारी आदि कई जिलों में अलग-अलग तिथियों पर सांगा यात्रा होगी और श्री रुडी जन संवाद करेंगे तथा सामाजिक एकता, इतिहास गौरव और राष्टभक्ति के संदेश को घर-घर पहुँचाएंगे। सांसद रुडी ने कहा कि हमारे इतिहास के महानायक राणा सांगा ने अखंडता एवं स्वाभिमान की जो अद्भुत मिसाल पेश की, वही आज के समय में राष्ट्रीय एकता के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह यात्रा समाज में नई ऊर्जा का संचार करेगी और बिहार की धरती पर वीरता, त्याग एवं एकता की परंपरा को और सुदृढ़ करेगी।

## मुस्लिम समुदाय के लोग आज मनाएंगे मोहर्रम का पर्व

**सोनपुर प्रखंड क्षेत्र से 6 जगहों से निकलेंगे ताजिया जुलुस**

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** मुस्लिम वर्ग क़े शेख समुदाय क़े लोग आज होने मुहर्रम,पर्व को लेकर काफी उत्साहित हो रहे है। आज क़े दिन इस्लाम धर्म में पैगंबर मोहम्मद के इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत और बलिदान की याद में यह पर्व मनाया जायेगा, जिन्होंने कर्बला की लड़ाई में सत्य और न्याय के लिए शहादत दी थी। इस बात क़े जानकारी देते हुए सोनपुर अवर निर्वाची पदाधिकारी अखलाक अंसारी एवं स्वच्छता प्रभारी खुर्शीद आलम ने शनिवार को यह भी बताया कि यह इस्लामिक हिजरी कैलेंडर का पहला महीना होता है और इसे इस्लाम के चार पवित्र महीनों में से एक माना जाता है 1इस मुहर्रम पर्व को मुसलमानों का शोक पर्व भी कहा जाता है। इस दिन मुस्लिम लोग तजिया जुलुस निकालकर या हसन या हुसैन क़े नारे लगते हुए सैकड़ो मुस्लिम लोग लाठी, तलवार सहित अन्य शस्त्र क़े साथ खेल का प्रदर्शन करते हुए करवला तक पहुंचते है। मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में जगह जगह एक्सपर्ट कारिगरों द्वारा आर्कषक ताजियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। सोनपुर प्रखंड क्षेत्र में कुल 6 जगह से ताजिया जुलूस निकाले जाएंगे। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो से निकाले जाने वाले ताजिया जुलूस में अपना कर्तव्य दिखाने के लिए युवा व बच्चे इन दिनों पूरी जोर-शोर से अभ्यास में भी लगे हुए है। मोहर्रम के दिन युवा से लेकर उम्रदराज लोग अपने कला का प्रदर्शन सभी लाठी-डंडे खेल कर अपना करतब दिखायेंगे। मुहर्रम पर निकलने वाले ताजिया जुलूस को देखने के लिए विभिन्न स्थानों पर भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे मेले जैसा दृश्य देखने को मिलता है. इस बार भी सोनपुर में कई जगहों पर ताजिया जुलूस निकलेगा. इसकी तैयारियां अकीदतमंदों की ओर से अंतिम रूप देने में लग गये है। मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए सोनपुर प्रशासन ने चाक चौबद व्यवस्था कर ली है। मोहर्रम जुलूस निकालने के दौरान ड्रोन कैमरा एवं वीडियोग्राफी से हर गतिविधियों पर कड़ी नजर प्रशासन रख रही है। कानून के उल्लंघन करने वाले को खैर नहीं होगा।

## पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के दिवंगत भाई दीनानाथ सिंह का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन

**मशरक से निकाली शव यात्रा में हजारों लोग शामिल**

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** महाराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह के छोटे भाई और बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह के बड़े भाई व छपरा पूर्व विधायक रणधीर सिंह के चाचा और युवराज सुधीर सिंह के पिता दीनानाथ सिंह का निधनं हो जानें के बाद शनिवार की सुबह उनके मशरक बड़हिया टोला आवास से शव यात्रा निकाली गई। शव यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। शव यात्रा में परिवार के सभी सदस्यों ने शव यात्रा में कंधा लगाया। उपस्थित हजारों की संख्या में लोगों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। आपको बता दें कि हजारीबाग जेल में सजा काटने वक्त छ माह से बीमार दीनानाथ सिंह का एम्स दिल्ली में निधन हो



गया। निधन के बाद शव गांव लाया गया जहां उनके साथ पैरौल पर महाराजगंज के पूर्व सांसद प्रभुनाथ सिंह भी मशरक पहुंचे हैं। वहीं मशरक अवस्थित आवास पर छपरा , सीवान , गोपालगंज , पटना के अलावा झारखण्ड से भी कई राजनेता व प्रमुख हस्ती, मुखिया , प्रखण्ड प्रमुख, पूर्व जिला पार्षद , पूर्व मुखिया, शिक्षक, व्यवसायी ने दिवंगत की अंतिम यात्रा में शामिल होने पहुंचे है। मशरक के सामान्य परिवार जन्मे दीनानाथ सिंह के पिता बासुदेव सिंह सहित उनके पड़ोस में लोग टायर गाड़ी व किसानी से जीवन यापन करते थे। चार भाई व एक बहन में दूसरे नम्बर पर रहे दीनानाथ सिंह ने वर्ष 1977 में उच्च विद्यालय मशरक से बोर्ड परीक्षा दी । 1980 से अपने बड़े भाई के साथ सामाजिक व राजनीतिक गलियारे में रहे । 1985 से लगातार अपने बड़े भाई के साथ सारण के राजनीतिक गलियारे में किंग मेकर की भूमिका में रहे। शोक व्यक्त करने के दौरान मौजूद लोगों ने कहा उन्होंने सैकड़ों युवाओ को प्रेरित कर रोजगार के लिए स्वावलम्बी बनाया। राजनीतिक हल्के में चर्चित होने के साथ हत्या के आरोपी होने के बावजूद आखिरी सांस तक अपने आदर्श बड़े भाई प्रभुनाथ सिंह के साथ हमेशा छाया की तरह रहे। परिवार को भी शिखर तक पहुंचाने में योगदान दिया।

## अलग-अलग जगहों पर सड़क दुघर्टना में चार घायलों में तीन सदर रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में सड़क दुघर्टना में घायलों में भर्ती 4 में से 3 को डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। मशरक शीतलपुर एस एच 73 पर तरैया थाना क्षेत्र के छपिया बिन टोली में अनियंत्रित कार की चपेट में आने से 5 वर्षीय संदीप कुमार पिता भज्जू रावत घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि वह सड़क किनारे खड़ा था कि अनियंत्रित कार की चपेट में आ गया। पानापुर के सतजोड़ा बाजार के पास दो बाइक की टक्कर में गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के आशा खैरा गांव निवासी 94 वर्षीय विश्वनाथ कुंवर, 17 वर्षीय चित्तरंजन कुमार और पानापुर थाना क्षेत्र के मुरलीमठ गांव निवासी 55 वर्षीय भीम गिरि घायल हो गए। घायलों ने बताया कि टक्कर के बाद इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां से सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

## प्रखंड स्तरीय मशाल प्रतियोगिता आयोजित




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** खेल भी बच्चों के आगे बढ़ने का एक मजबूत रास्ता है। सिर्फ पढ़ाई ही नहीं खेल में भी बच्चे आगे बढ़ते है तो वे अपनी पहचान बना सकते है। मढ़ौरा एसडीएम निधि राज ने उच्च विधालय मढ़ौरा में सरकारी स्कूल के बच्चों की प्रखंड स्तरीय मशाल प्रतियोगिता के उद्घाटन उपरांत यह बात कही। एसडीएम ने कहा कि सरकार के स्तर पर भी बच्चों की खेल प्रतिभा को आगे लाने का काफी प्रयास किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता उसी दिशा में एक पहल है। एसडीएम ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि खेल आपकी नैसर्गिक प्रतिभा है। आपको शिक्षक को, आपके विधालय को आपके इसी विशेष प्रतिभा को पहचानना है और उसे आगे बढ़ाने का प्रयास करना है। एसडीएम ने कहा कि खेल में भी एकाग्रता और निरंतरता जरूरी है। लगातार प्रयास और उचित मार्गदर्शक से आप के बीच से भी कोई बच्चा राष्टीय, अंतरराष्टीय स्तर तक न पहुंच सकता है, अपने सपनों को उड़ान दे सकता है। डीएसपी नरेश पासवान ने कहा कि बच्चों को अच्छी ट्रेनिंग मिले इसकी व्यवस्था करने की जरूरत है। कहा कि खेल के उत्सूक बच्चें होगे तो उनके तरफ से योग्य प्रशिक्षक उपलब्ध कराने की पहल की जाएगी। वही बीडीओ सुधीर कुमार और सीओ अम्पालिका यादव ने सभी बच्चों को अपनी पुरी क्षमता से मैदान में अपने सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। इसके पूर्व अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं मशाल जलाकर खेल प्रतियोगिता का उदघाटन किया। इस अवसर पर बीईओ मदन मोहन साह, शिक्षक प्रमोद सिंह, सानंद श्रेयस्कर, खेल शिक्षक अवधेश प्रसाद, विकास कुमार, सुनिल कुमार द्विवेदी, शंकर प्रसाद यादव, सुरेश कुमार, मनोरंजन कुमार, फिरोज आलम, मोहम्मद आरीफ,भीष्म प्रसाद यादव, संजय कुमार, जितेंद्र पाण्डेय के साथ सभी 23 संकुल के शिक्षक उपस्थित थे।

## पहलेजा थाना क्षेत्र में मुहर्रम में डीजे बजाने व धराधार हथियार प्रदर्शनी पर रोक

**कानून के उल्लंघन करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे- संतोष कुमार अपर थानाध्यक्ष**

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क़े अंतर्गत पहलेजा घाट थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को शांति और सहारनपुर वातावरण में मनाने के लेकर थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों बुद्धिजीवियों एवं मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ अपर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने शांति समिति की बैठक किया। बैठक के अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के लोग शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मोहर्रम का पर्व मनाए। पर्व में विभिन्न डालने वाले को खैर नहीं है। मोहर्रम के दिन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सादे और प्रदीप निवास में पुलिस बल मस्जिद एवं चौक चौराहों पर तैनात रहेंगे और मोहर्रम पर्व के मौके पर प्रशासन की हर गतिविधि पर पैनी निगाह रहेगी। संतोष कुमार ने कहा कि डीजे बजाने वाले एवं डीजे मालिक और पुजा समिति क़े सदस्यों क़े उपर कानूनी कार्रवाई



करते हुए डीजे को जब्त किया जायेगा। पुलिस इलाके के हर गतिविधि पर विशेष नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि पर्व पूरी तरह से शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो। दोनों समुदाय को लोगों को जिम्मेवारी है की पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न करें और इसमे सभी सहयोग करें। अगर कोई व्यक्ति शांति में व्यावधान डालने की कोशिश करेगा, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ताजिएदारों, खलिफाओं व गेटधारकों को निर्धारित रूट और समय से जुलूस निकालने व संपन्न कराने की अपील की गई।

## मुहर्रम को लेकर एसडीओ के नेतृत्व में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** मुहर्रम पर्व में शांति व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से एसडीओ निधि राज और एसडीपीओ नरेश पासवान के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने मढ़ौरा के कई बाजारों पर फ्लैग मार्च किया। शनिवार को पुलिस फोर्स ने मढ़ौरा बाजार ,धेनुकी चौक, मुख्य बाजार बस स्टेंड, शिल्हौरी, शिवगंज व मिर्जापुर, रेपुरा, ओल्हनपुर व गौरा क्षेत्र के सलिमापुर में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान एसडीएम ने सभी से शांतिपूर्ण वातावरण में पर्व को मनाने की अपील किया। लोगों से अफवाह पर ध्यान नही देने और किसी तरह की सूचना से प्रशासन को अवगत कराने की बात कही।



## बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के उतरी मंडल के बंगरा गांव में और पानापुर उतरी और दक्षिणी भाजपा मंडल की बैठक जिला मंत्री बीरबल प्रसाद कुशवाहा की अध्यक्षता में बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बैठक आयोजित की गयी। बंगरा बैठक में भाजपा उतरी मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, रमेश सिंह,जटा शंभू सिंह, सुरेंद्र साह और पानापुर में दक्षिणी मंडल अध्यक्ष अखिलेश सिंह व उतरी मंडल अध्यक्ष कन्हैया पंडित मौजूद रहें। इस अवसर पर मंडल के अंतर्गत गठित सभी बूथों का सत्यापन की गहन समीक्षा की गई। साथ ही पन्ना प्रमुख बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं को इस संदर्भ में विशेष जानकारी दी गई। इसके अलावा संगठन के अन्य क्रियाकलापों एवं आगामी मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान से संबंधित विस्तृत जानकारी भी साझा की गई। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं से आपसी सहयोग से अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया गया।

## अलग-अलग जगहों पर सड़क दुघर्टना में चार घायलों में तीन सदर रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सीएचसी में सड़क दुघर्टना में घायलों में भर्ती 4 में से 3 को डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। मशरक शीतलपुर एस एच 73 पर तरैया थाना क्षेत्र के छपिया बिन टोली में अनियंत्रित कार की चपेट में आने से 5 वर्षीय संदीप कुमार पिता भज्जू रावत घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि वह सड़क किनारे खड़ा था कि अनियंत्रित कार की चपेट में आ गया। पानापुर के सतजोड़ा बाजार के पास दो बाइक की टक्कर में गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के आशा खैरा गांव निवासी 94 वर्षीय विश्वनाथ कुंवर, 17 वर्षीय चित्तरंजन कुमार और पानापुर थाना क्षेत्र के मुरलीमठ गांव निवासी 55 वर्षीय भीम गिरि घायल हो गए। घायलों ने बताया कि टक्कर के बाद इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया जहां से सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया।

## पुत्री की गायब होने को लेकर मा ने कराई प्राथमिकी

**परसा (सारण)।** घर में स्वजनों को  सो जाने के बाद घर से किशोरी के गायब होने के मामले में मा ने परसा थाने में आवेदन देकर पुत्री के बरामदगी की गुहार लगाई है । पीड़िता श्रीरामपुर निवासी भूषण पांडे की पत्नी ने कहा है कि हम सभी परिवार रात्रि में खाना खाकर सो गए जब देर रात आंखे खुली तो पुत्री घर में नहीं थी  काफी खोजबीन की लेकिन कोई अता पता नहीं चल सका है ।

## एकमा में प्रखंड स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिताएं शुरू

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** प्रखंड संसाधन केंद्र, एकमा के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय ÷मशाल कार्यक्रम÷ के तहत शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल मैदान में तीन दिवसीय मशाल खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड संसाधन केंद्र समन्वयक योगेंद्र बैठा ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इसके बाद सामूहिक स्वर में राष्ट-गान के बाद खेल प्रतियोगिताएं शुरू हुई।

पहले दिन खेल विधा- 60 मीटर, 100 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर दौड़, लंबी कूद, बालक-बालिका (अंडर-14/अंडर-16) का आयोजन किया गया। जिसमें नगर पंचायत सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न संकुल संसाधन केंद्रों पर पूर्व में आयोजित संकुल स्तरीय मशाल प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान सभी प्रतिभागियों को अनुशासन व खेल भावना की शपथ दिलाई गई।पहले दिन की खेल प्रतियोगिताएं निर्णायक मंडल में शामिल प्रधानाध्यापक व शारीरिक शिक्षक क्रमशः मंजीत कुमार तिवारी, अरुण कुमार सिंह, मोहम्मद तौकीर अंसारी, कुमार रश्मि रंजन, राजेश कुमार राम, अनिल कुमार सिंह, सत्यदेव महतो, जितेंद्र कुमार, संदीप कुमार, उपेंद्र कुमार सिंह, उपेंद्र कुमार यादव, विनय कुमार सिंह, कमल कुमार सिंह, आनंद कुमार प्रसाद, धर्मेंद्र कुमार सिंह, राजू कुमार सिंह, वसंत कुमार शर्मा, प्रत्युष कुमार मिश्र, अनवर हुसैन, श्याम वीर कुमार, हेमनारायण राम, अनवर हुसैन, नसीम अंसारी, श्याम वीर, सुनीता कुमारी आदि की देखरेख में आयोजित हुई। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान वाले बालक-बालिकाओं का चयन किया गया।

इस प्रतियोगिता के आयोजन में प्रतियोगिता के सफल आयोजन में नजरे कुमार, माया शर्मा, मनीष कुमार सिंह, अनूप गुप्ता, गाजी हसन, संजय यादव सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अहम भूमिका निभाई।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी योगेंद्र बैठा ने बताया कि रविवार को प्रतियोगिताएं आयोजित नहीं होंगी। अगली प्रतियोगिताएं सोमवार व मंउको आयोजित होंगी।

## इलेक्ट्रिक दुकान से नगद सहित डेढ़ लाख की चोरी

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के रजिस्ट्री कचहरी रोड स्थित हनुमान मंदिर के समीप एक इलेक्ट्रिक दुकान से चोरों ने तकरीबन डेढ़ लाख की संपत्ति की चोरी कर ली। मामले में दुकान मालिक दुर्गा प्रसाद ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि मेरा पुत्र दुकान खोलने गया तो देखा की गेट और गला खुला हुआ है। जहां अंदर प्रवेश कर देखा तो चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दी गई थी। उन्होंने बताया कि चोरों ने 38 चांदी के सिक्के, एक लाख रुपये नगद और एक मोबाइल की चोरी की है। यानी चोरी की गई सामानों की कीमत तकरीबन डेढ़ लाख रुपए आंकी जा रही है। इधर सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर चोरों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# प्रखण्ड स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के नेपाल सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गवन्द्री के खेल मैदान में शनिवार को तरैया प्रखंड स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन तरैया प्रखंड विकास पदाधिकारी विभु विवेक द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी तरैया ज्ञान रंजन भी उपस्थित थे। प्रतियोगिता के प्रथम दिन एथलेटिक्स खेल से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिता संपन्न हुआ जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर 14 60 मी बालिका दौड़ में मध्य विद्यालय आकुचक की रिशिका कुमारी प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय हरपुर फरीदन की रौशनी कुमारी द्वितीय स्थान, मध्य विद्यालय नेवारी की अंशु कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। वहीं अंडर 14, साठ मीटर बालक दौड़ में मध्य विद्यालय सरेया बसंत के विवेक कुमार ने प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय नारायणपुर के ऋतिक कुमार ने द्वितीय स्थान, मध्य विद्यालय उसरी चांदपुर के विकास कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि अंडर 16, सौ मी बालिका दौड़ में मध्य विद्यालय पचरौड़ की मनीषा कुमारी प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय नारायणपुर की चांदनी कुमारी द्वितीय स्थान, मध्य विद्यालय माधोपुर उर्दू की अशफा रिजवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर 16, सौ मीटर बालक दौड़ में मैकडॉनल्ड उच्च विद्यालय देवरिया के अंकुश कुमार प्रथम स्थान, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचरौड़ा के बबलू कुमार द्वितीय स्थान, उच्च विद्यालय गवन्द्री के उज्जवल कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 14, (600 मी) बालिका दौड़ में मध्य विद्यालय नेवारी की सलोनी कुमारी ने प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय माधोपुर की नेहा कुमारी ने द्वितीय स्थान, मध्य विद्यालय टीकमपुर की सुमन कुमारी और मध्य विद्यालय भलुआ शंकर डीह की मोहनी कुमारी ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 16 (100 मीटर) बालक दौड़ में मध्य विद्यालय भटगाई हिंदी के मुकेश कुमार ने प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय नेवारी के आदित्य कुमार ने द्वितीय स्थान, आदर्श मध्य विद्यालय तरैया के विवेक कुमार यादव ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 16 (800 मी) बालिका दौड़ में उच्च विद्यालय गवन्द्री की प्रियंका कुमारी ने प्रथम स्थान, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरेया बसंत की चांदनी कुमारी ने द्वितीय स्थान, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परौना की प्रतिज्ञा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं अंडर 16 (800 मीटर) बालक दौड़ में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरपुर फरीदन के प्रीतम कुमार ने प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय सरेया बसंत के अमन कुमार ने द्वितीय स्थान, मध्य विद्यालय माधोपुर बड़ा के समीर आलम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लॉन्ग जंप में अंडर 14 बालिका वर्ग में मध्य विद्यालय भलुआ शंकर डीह कि आराध्या कुमारी ने प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय सरेया बसंत की शिल्पी कुमारी ने द्वितीय स्थान तथा मध्य विद्यालय नेवारी की ब्यूटी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त की। लॉन्ग जंप अंडर 14 बालक वर्ग में मध्य विद्यालय भलुआ शंकर डीह के हिमांशु कुमार ने प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय पोखरेड़ा के गोलू कुमार ने द्वितीय स्थान और मध्य विद्यालय पचरौड़ के ओंकार कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरी तरफ लॉन्ग जंप अंडर 16 बालिका वर्ग में मध्य विद्यालय हरपुर फरीदन कि आंचल कुमारी ने प्रथम स्थान, उच्च माध्यमिक विद्यालय चंचलिया पूर्व की नव्या कुमारी ने द्वितीय स्थान, उच्च माध्यमिक विद्यालय पचरौड़ की स्वीटी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त की। वहीं लॉन्ग जंप अंडर 16 बालक वर्ग में मध्य विद्यालय सरेया बसंत के सूरज कुमार ने प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय परौना बालक के कुमार शिवम ने द्वितीय स्थान और उच्च विद्यालय गवन्द्री के रंजय राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। क्रिकेट बॉल थ्रो अंडर 14 बालक वर्ग में मध्य विद्यालय भलुआ शंकर डीह के मनीष कुमार ने प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय परौना कन्या के शांतनु कुमार शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्रिकेट बॉल थ्रो अंडर 14 बालिका वर्ग में मध्य विद्यालय भलुआ शंकर डीह कि नीतू कुमारी ने प्रथम स्थान, मध्य विद्यालय नारायणपुर के नंदनी कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त की। जबकि क्रिकेट बॉल थ्रो अंडर 16 बालक वर्ग में उच्च माध्यमिक विद्यालय परौना बालक के अंशिक कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उक्त मौके पर सभी संकुल समन्वयक, मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक एवं तरैया लेखापाल अखिलेश सिंह, अपग्रेडेड प्लस टू हरपुर फरीदन के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार चौबे, शिक्षक संजीव कुमार सिंह, मुन्ना प्रसाद, अभिषेक कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, प्रताप शेखर, विजय शंकर कुमार सिंह, विदुर कुमार साह, कृष्ण कुमार गुप्ता, आदर्श मध्य विद्यालय तरैया के प्रधानाध्यापक बबन सहनी, अरविंद पांडे, मनान अंसारी, अतुल कुमार, चंद्र प्रकाश समेत अन्य शिक्षक व सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## योगियां हाईस्कूल में शिक्षिका नेहा को स्थानांतरण पर दी गई विदाई



**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)।** स्थानीय आर एन हाईस्कूल योगियां की शिक्षिका नेहा कुमारी की स्थानांतरण विदाई दी गई. प्रधानाचार्य लालबाबू यादव ने कहा कि एक साल में हीं नेहा ने शिक्षक सहकर्मी और छात्रों को अपने कर्तव्य व आचरण से प्रभावित कर चुकी थीं. वहीं नेहा ने कहा कि एक तरफ स्थानांतरित हो कर उन्हें गोपालगंज जिले के अपने गांव के नजदीक परिजनों के साथ रह कर ड्यूटी करने की खुशी है तो दूसरी तरफ अपने निवर्तमान स्कूल के प्रिय शिक्षाकर्मी साथियों व अपने छात्रों से बिछड़ने का अफसोस भी है. फिर भी योगियां हाईस्कूल मेरा मातृ स्कूल है इसकी यादें आजीवन मेरे साथ रहेंगी. संचालन कंप्यूटर शिक्षक अतुल कुमार ने किया. मौके पर वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर गोप,विकास उपाध्याय ,राकेश तिवारी ,उमेश पांडेय ,धर्मेन्द्र तिवारी, नेहा,कर्पूरी ठाकुर,श्यामबाबू, बृजकिशोर, दीपक,दिनेश दूबे,अर्चना ,पूर्णिमा, कामिनी सिंह,सुनैना ,सुमन यादव ,श्रेया ,लूसी,दुर्गेशनंदिनी, सिद्धि,राहुल गुप्ता अमरनाथ गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, राजकुमारी, लाइब्रेरियन कर्पुरी ठाकुर, आशिफ इकबाल,राहुल कुमार, मो इरफान,हर्षवर्धन यादव, कुमार प्रिंस ,रात्रि प्रहरी शिवकुमार यादव,आदेशपाल उदयशंकर आदि विद्यालय कर्मी उपस्थित रहे.

## बूथ सशक्तिकरण अभियान के निमित बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** शनिवार को मढ़ौरा पश्चिमी मंडल के नरहरपुर शक्ति केंद्र के मोथहां देवी स्थान पर बूथ सशक्तिकरण अभियान के निमित बैठक आहूत की गयी। इस बैठक में सर्वसम्मति से चंद्रभूषण सिंह को पंचायत अध्यक्ष एवं धर्मेंद्र कुमार उर्फ़ मनु साह को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने किया एवं प्रभारी के रूप में मंडल उपाध्यक्ष उमेश सिंह उर्फ़ गामा सिंह उपस्थित रहे। अपना बूथ सबसे मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।तथा  बूथ कमिटी का सत्यापन जल्द से जल्द करने संकल्प लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से मंडल प्रभारी डॉ रामबाबू सिंह ,भाजपा नेता सह जेपी सेनानी शंभु प्रसाद सिंह,पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रो0 रामबाबू सिंह, उपाध्यक्ष जय मंगल प्रसाद ,युवा मोर्चा अध्यक्ष सोनू सिंह,उपाध्यक्ष जीतेन्द्र कुमार सिंह,भीखम सिंह,भोला सिंह, विभूति सिंह समेत गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इसके साथ साथ गौरा शक्ति केंद्र के गौरा महावीर मंदिर के प्रांगण में भी एक बैठक आहूत की गयी। इस बैठक में मुख्य रूप से उदय कुमार, सुजीत मांझी,एवं श्रवण कुमार उपस्थित हुए। धन्यवाद ज्ञापन जीतेन्द्र कुमार सिंह ने दिया।

## एकमा होकर 33 फेरों में चलेगी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन

### श्रद्धालु कांवड़ियों व यात्रियों को यात्रा में मिलेगी विशेष सहुलियत

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी सावन माह में झारखंड के देवघर में लगने वाले श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालु कांवड़ियों व यात्रियों की होने वाली अत्यधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए मेला यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 05028/05027 बढ़नी-देवघर-बढ़नी वाया गोरखपुर, देवरिया सदर, सीवान, एकमा व छपरा होकर श्रावणी मेला विशेष गाड़ी का संचलन 09 जुलाई से 10 अगस्त 2025 तक प्रतिदिन बढ़नी से तथा 10 जुलाई से 11 अगस्त 2025 तक प्रतिदिन देवधर से 33 फेरों हेतु किया जायेगा।

इसकी जानकारी देते हुए वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 05028 बढ़नी-देवघर श्रावणी मेला विशेष गाड़ी 09 जुलाई से 10 अगस्त 2025 तक प्रतिदिन बढ़नी से 17.30 बजे प्रस्थान कर शोहरतगढ़ से 18.20 बजे, सिद्धार्थनगर से 18.39 बजे, आनंदनगर से 19.04 बजे, गोरखपुर से 20.00 बजे, चौरीचौरा से 20.27

बजे, देवरिया सदर से 21.13 बजे, भटनी से 21.40 बजे, मैरवा से 22.10 बजे, सीवान से 22.40 बजे, एकमा से 23.22 बजे दूसरे दिन छपरा से 00.15 बजे, दिधवारा से 00.47 बजे, सोनपुर से 01.10 बजे हाजीपुर से 01.25 बजे, देसरी से 01.55 बजे, शाहपुर पटोरी से 02.17 बजे, बछवारा से 02.40 बजे, बरौनी से 03.20 बजे, बेगुसराय से 03.42 बजे, साहिबपुर कमाल से 04.22 बजे, मुंगेर से 05.20 बजे, सुलतानगंज से 06.45 बजे, भागलपुर से 08.35 बजे, बरहट से 10.02 बजे तथा बांका से 10.42 बजे छूटकर देवघर 13.00 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 05028 देवघर-बढ़नी श्रावणी मेला विशेष गाड़ी 10 जुलाई से 11 अगस्त 2025 तक प्रतिदिन देवघर से 18.45 बजे प्रस्थान कर बांका से 19.40 बजे, बरहट से 20.03 बजे, भागलपुर से 21.03 बजे, सुलतानगंज से 21.30 बजे, मुंगेर से 23.20 बजे, साहिबपुर कमाल से 23.45 बजे दूसरे दिन बेगुसराय से 00.10 बजे, बरौनी से 00.40 बजे, बछवारा से 1.02 बजे, शाहपुर पटोरी से

01.32 बजे, देसरी से 01.55 बजे, हाजीपुर से 02.35 बजे, सोनपुर से 02.47 बजे, दिधवारा से 03.10 बजे, छपरा से 05.10 बजे, एकमा से 05.37 बजे, सीवान से 06.20 बजे, मैरवा से 06.50 बजे, भटनी से 07.52 बजे, देवरिया सदर से 08.25 बजे, चौरीचौरा

से 08.57 बजे, गोरखपुर से 09.40 बजे, आनंदनगर से 10.35 बजे, सिद्धार्थनगर से 11.30 बजे व शोहरतगढ़ से 11.52 बजे छूटकर बढ़नी 12.30 बजे पहुंचेगी।

इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 06, साधारण द्वितीय श्रेणी के 07 व एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 15 कोच की सुविधा रहेगी।

## बेला बाजार में मोबाइल चोरी करते युवक को रंगेहाथ पकड़ा, ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

**दरियापुर(सारण) (** मंगलवार की दोपहर दरियापुर थाना क्षेत्र के बेला बाजार में मोबाइल चोरी करते एक युवक को लोगों ने रंगेहाथ पकड़ लिया। बाजार में भीड़-भाड़ के बीच युवक मोबाइल चुराने की फिराक में था, तभी कुछ लोगों को उस पर शक हुआ और पीछा कर पकड़ लिया।

स्थानीय लोगों ने बिना देरी किए आरोपी युवक को दरियापुर थाना की पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी को थाने ले जाकर पूछताछ कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवक से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच के बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।बाजार में चोरी की इस घटना से लोगों में आक्रोश दिखा। वहीं, लोगों ने पुलिस से बाजार में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है ताकि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हो




## प्रतिस्पर्धा : मैं हूं निपुण




**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** नगरा प्रखंड के कोरेया पंचायत के सरकारी विद्यालय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहाछपरा में शनिवार को वर्ग 1 से 3 कक्षा के बच्चों के लिए चल रही निपुण बिहार कार्यक्रम के तहत  निपुण दिवस मनाया गया। निपुण दिवस के अवसार पर शनिवार को विद्यालय में निपुण बैनर व वोटिंग लगाया गया। विद्यालय में चेतना सत्र में बिहार निपुण गीत बजाया गया। वर्ग 1 से वर्ग 3 कक्षा में भाषा व गणित में कक्षावार दक्षता प्राप्त करने वाले बच्चों को मैं निपुण हूं का बैच लगाया गया व सम्मानित किया गया। साथ ही गायत्री कुमारी शिक्षिका को निपुण शिक्षिका से सम्मानित किया गया, 80त्न बच्चे बुनियादी भाषा एवं गणित के कौशलों से पूर्ण हो रहे हैं । उनको जिला व राज्य स्तर पर पुरस्कार दिया जाना है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजयेन्द्र कुमार विजय ने बताया कि राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के आलोक में मिशन निपुण भारत का शुभारंभ 5 जुलाई 2021 को हुआ था इसके तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान  के कौशल संचालित विद्यालय में हो रहे हैं। निपुण बिहार के तहत चहक कार्यक्रम भी संचालित हो रहा है।  इस कार्यक्रम में अनिता कुमारी स्नेहा प्रिया, सागर सिंह चौहान ,प्रमोद कुमार सिंह ,आसिफ अली, रामेश्वर कुमार ,अंकित कुमार, एवं अभिभावक शिक्षक एवं सम्मानित होने वाले छात्र अभिराज कुमार,रिशु ,नीतू कुमारी, अमरजीत कुमार, सुफियान, मनजीत कुमार,खुशी कुमारी ,अंजली कुमारी, सोनालिका आदि शामिल थे।

## छात्रा के अपहरण में सहेलियों पर प्राथमिकी

**सिवान।** एमएच नगर थाना क्षेत्र के एक गांव की छात्रा तीस जून से अपने घर से लापता है। इस संबंध में जब लापता छात्रा की मां ने जब उसकी सहेलियों से पूछताछ की तो बताया कि वह ट्रेन में सवार होकर कहीं चली गई। मामले में पीड़ित महिला ने अपनी पुत्री की पांचों सहेलियों पर प्राथमिकी कराई है। पुलिस प्राथमिकी कर जांच कर रही है।

## उपभोक्ता आयोग ने आवेदिका को दिया 10 लाख रुपए का चेक

**सिवान।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा एक मामले में आवेदिका को 10 लाख रुपए के चेक का भुगतान कराया है। इस संबंध में आयोग के अध्यक्ष जयराम प्रसाद ने बताया कि जीबी नगर थाना क्षेत्र के तरवारा निवासी पूजा यादव के पति रमेश यादव की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। वहीं मौत के बाद बीमा कंपनी द्वारा दावा का भुगतान नहीं किया जा रहा था। ऐसे में उनकी पत्नी ने उपभोक्ता आयोग में बीमा कंपनी के विरुद्ध मुकदमा दायर किया। जिसमें एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी पर त्रुटि पूर्ण सेवा की बात कही गई। वहीं मामले में आयोग के कड़े रूप के कारण विपक्षी आवेदिका के साथ सुलह करने पर राजी हो गए। अंततः दोनों पक्ष 10 लाख रुपए पर सुलह करने पर राजी हुए। शनिवार को जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के न्यायालय में आयोग के अध्यक्ष जय राम प्रसाद और सदस्य मनमोहन कुमार ने आवेदिका पूजा यादव को 10 लाख रुपए का चेक प्रदान किया।

## ऑटो के तहखाना से शराब बरामद

**सिवान।** उत्पाद विभाग टीम ने शनिवार की सुबह गुठनी स्थित श्रीकलपुर चेक पोस्ट से आटो के तहखाना से शराब बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक कुमार ने बताया कि गुठनी चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एक सीएनजी आटो के छत पर बनाया गया तहखाने से 86.400 लीटर शराब बरामद किया गया। वहीं शराब लेकर आ रहा चालक को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार तस्कर सारण जिले के अमनौर निवासी विवेक कुमार है।

## देवघर के लिए नौ से चलेगी विशेष गाड़ी

**सिवान।** सावन में झारखंड के देवघर में लगने वाले श्रावणी मेला के अवसर पर यात्रियों की होने वाली अत्यधिक भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा 05028/05027 बढ़नी-देवघर-बढ़नी वाया देवरिया सदर, सिवान एवं छपरा श्रावणी मेला विशेष गाड़ी का संचालन किया जाएगा। इस मामले में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि विशेष गाड़ी का संचालन नौ जुलाई से दस अगस्त तक प्रतिदिन बढ़नी से एवं दस जुलाई से 11 अगस्त तक प्रतिदिन देवघर से 33 फेरों हेतु किया जाएगा। बताया कि 05028 बढ़नी-देवघर श्रावणी मेला विशेष गाड़ी नौ जुलाई से दस अगस्त तक प्रतिदिन बढ़नी से 17.30 बजे प्रस्थान कर शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, आनंदनगर, गोरखपुर, चौरीचौरा, देवरिया सदर, भटनी, मैरवा, सिवान से 22.40 बजे, एकमा दूसरे दिन छपरा, दिघवारा, सोनपुर, हाजीपुर, देसरी, शाहपुर पटोरी, बछवारा, बरौनी , बेगुसराय, साहिबपुर कमाल, मुंगेर, सुलतानगंज, भागलपुर, बरहट तथा बांका छूटकर देवघर पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05028 देवघर-बढ़नी श्रावणी मेला विशेष गाड़ी दस जुलाई से 11 अगस्त तक प्रतिदिन देवघर से 18¬45 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशन होते हुए दूसरे दिन सिवान से 06.20 बजे, मैरवा से 06.50 बजे, भटनी, देवरिया सदर, चौरीचौरा , गोरखपुर, आनंदनगर, सिद्धार्थनगर तथा शोहरतगढ़ छूटकर बढ़नी पहुंचेगी।

## एक पक्ष के लोगों ने शराब मामले में बृजकिशोर की कराई थी गिरफ्तारी

**सिवान।** भगवानपुर प्रखंड के मलमलिया बाजार में शुक्रवार की देर शाम एक पक्ष के बदमाशों ने दूसरे पक्ष के तीन लोगों की हत्या कर दी। इस मामले में दोनों पक्षों तनाव का माहौल कायम है। पोस्टमार्टम के दौरान कौड़िया गांव निवासी मुन्ना सिंह के पुत्र आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित पक्ष के बृजकिशोर को कुछ दिन पूर्व हमलोगों द्वारा शराब मामले में गिरफ्तार कराया गया था। इसी को लेकर उक्त पक्ष नाराज था। घटना में जान गंवाने वाला कन्हैया दो दिन पूर्व सामान लेने के लिए गया था। उसे घर में लेकर जाकर उनलोगों ने पिटाई की थी। शुक्रवार की शाम बीस से तीस लोग आए और जो मिल रहे थे उसे मारने लगे। लाठी-डंडा व पिस्टल से गोली चलाई जा रही थी,इसमें तीनों की मौत हो गई। मेरे पिता की लाठी-डंडा से पिटाई व गोली लगने से मौत हुई है। प्रत्यक्षदर्शी बताते हैं कि शुक्रवार की शाम बदमाश बाइक और स्कार्पियो सवार लोग फरसा, तलवार और अन्य धारदार हथियार लेकर मलमलिया चौक पहुंच गए। वहीं पर मुन्ना सिंह की हत्या कर दी।

## अयोध्या धाम दर्शन के लिए सिवान से बस हुआ रवाना

**सिवान।** शहर के बड़हरिया मोड़ पर शनिवार को दारौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह द्वारा अपने क्षेत्र की जनता को अयोध्या धाम के दर्शन के लिए बस को झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विधायक ने कहाकि आयोजन स्थानीय लोगों के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि अयोध्या भगवान श्रीराम की जन्मस्थली के रूप में हिंदुओं के लिए पवित्र तीर्थस्थल है। कहा कि यह यात्रा न केवल धार्मिक महत्व रखती है, बल्कि यह सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को भी मजबूत करती है। बस अयोध्या के प्रमुख मंदिरों और धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराएगी, इसमें श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी, और अन्य महत्वपूर्ण स्थान शामिल हैं। इस पहल से न केवल स्थानीय लोगों में धार्मिक उत्साह बढ़ा है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि भाजपा सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए आध्यात्मिक शांति और भक्ति का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगी। इस अवसर पर विधान सभा प्रभारी हरेंद्र कुशवाहा, जिला मंत्री उमाशंकर सिंह, जिला प्रवक्ता देवेंद्र तिवारी, पांचों मंडल अध्यक्ष संजीव सिंह ,अवधेश यादव सहित तीन सौ कार्यकर्ता शामिल थे।

## मुहर्रम को ले जिले में निकाला गया फ्लैग मार्च

**सिवान।** मुहर्रम को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट है। शनिवार की दोपहर सदर एसडीओ आशुतोष गुप्ता व एसडीपीओ अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स ने शहर की सड़कों पर फ्लैग मार्च किया। मार्च जेपी चौक से शुरू होकर कागजी मोहल्ला, नई किला, शांति वृट, बड़ी मस्जिद, नगर थाना रोड, अस्पताल रोड, महादेवा रोड सहित जिले के थाना क्षेत्रों में निकाला गया। इस दौरान एसडीओ ने लोगों से अपील की कि मुहर्रम के दौरान किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था भंग नहीं हो इस बात का ख्याल रखा जाए। सभी लोगों से पर्व को शांति पूर्ण वातावरण एवम आपसी भाईचारा के साथ मनाने की अपील की गई। मार्च के दौरान सदर सीओ रवि शेखर, यातायात डीएसपी शैलेश प्रितम, नगर थाना इंस्पेक्टर राजू कुमार, मुफस्सिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास, महादेवा थानाध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

## तीन युवकों की निर्मम हत्या के बाद घटनास्थल पर पहुंचे सारण डीआइजी नीलेश कुमार

**भगवानपुर हाट (सिवान)** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मलमलिया चौक पर शुक्रवार को दिनदहाड़े हुई तीन युवकों की निर्मम हत्या के बाद घटनास्थल पर पहुंचे सारण डीआइजी नीलेश कुमार ने कहा कि इस हत्या कांड की वे स्वयं मानिटरिंग करेंगे। हत्यारे बहुत जल्द गिरफ्तार होंगे। उन्होंने कहा कि बहुत प्रश्नों का जवाब देना जल्दीबाजी होगी।हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीम का गठन किया गया है। हत्या का सही कारण पता किया जा रहा है।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**सीवान।** सिसवन थाना क्षेत्र के कचनार में शुक्रवार शाम ट्रांसफार्मर के समीप विद्युत तार जोड़ने के दौरान करंट लगने एक युवक की मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। मृतक की पहचान कचनार निवासी रामराज पंडित के पुत्र अभिषेक पंडित (23) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि अभिषेक पंडित गांव में स्वास्थ्य केंद्र के समीप टूटे विद्युत तार को ट्रांसफार्मर से जोड़ रहा था तभी करंट आने से वह झुलस गया। स्वजन उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। ज्ञात हो कि अभिषेक पंडित प्राइवेट में विद्युत मिस्त्री का काम करता था।

# सिवान में स्नान करने गए तीन बच्चों की गड्ढा में डूबने से मौत

**सिवान।** सिवान के भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मोरा पटहट्टा चंवर स्थित चिमनी के गड्ढे में शुक्रवार की शाम स्नान करने के दौरान डूबने से तीन बच्चे की मौत हो गई है। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच तीनों शवों को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान मोरा मकवान टोला निवासी रंगीला सिपाही यादव के पुत्र अजीत कुमार (10), हरिकिशोर राय के पुत्र अमन कुमार (10) और पंकज यादव के पुत्र बृजेश कुमार (8) के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं इस घटना के बाद रंगीला सिपाही यादव के घर का चिराग बुझ गया।बताया जाता है कि अजीत कुमार, अमन कुमार व बृजेश कुमार शुक्रवार की शाम अपने स्वजनों को बिना बताए चिमनी की ओर चले गए थे तथा चिमनी के समीप पानी भरे गड्ढे में स्नान करने लगे। इस दौरान गड्ढे में डूबने से तीनों बच्चों की मौत हो गई। जब बच्चे देर शाम तक घर नहीं पहुंचे तो स्वजनों को चिंता हुई। स्वजन खोजते हुए चिमनी के समीप पहुंचे तो गड्ढे के समीप बच्चों का कपड़ा व चप्पल दिखाई दिया। स्वजन आशंका होने पर तीनों बच्चे को ढूंढना शुरू किए। इसमें एक बच्चा का शव पानी में उपलाता हुआ दिखाई दिया, लेकिन काफी खोजबीन करने पर अन्य दो बच्चों का शव दिखाई नहीं देने पर ग्रामीणों ने घटना की सूचना प्रशासन को दी। प्रशासन द्वारा काफी खोजबीन के बाद शनिवार की सुबह अन्य दोनों बच्चों के शव को गड्ढे से निकाला। ग्रामीणों के अनुसार तीनों बच्चे गांव के ही एक प्राथमिक विद्यालय में पढ़ते हैं। इसमें अमित कुमार एवं अमन कुमार कक्षा चार तथा बृजेश कुमार तीन का छात्र था। तीनों का परिवार खेती गृहस्ती, पशुपालन व मजदूरी कर परिवार का खर्च चलाता है।

# भाकपा माले ने मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ निकाला प्रतिवाद मार्च

**सीवान।** दरौली प्रखंड में शनिवार को मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य के विरोध में प्रतिवाद मार्च निकाला। इस दौरान भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य को तत्काल वापस लेने, मतदान के अधिकार को छीनना बंद करने, चुनाव आयोग के माध्यम से गरीब, अनपढ़, दलित, महादलित, अल्पसंख्यकों को मतदाता सूची से नाम काटने आदि की मांग प्रशासन से की। प्रतिवाद मार्च माले कार्यालय से आरंभ होकर विभिन्न चौक-चारोहों से होकर थाना मोड़ पहुंचकर एक आम सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता कर रहे भाकपा माले के प्रखंड कमेटी के सदस्य कपिलमुनि साह ने कहा कि मोदी सरकार ने पहले श्रमिकों के अधिकारों को छीना, अब जनता से प्रमाण पत्र मांगना शुरू की है। लालबाबु पासवान ने बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर निर्वाचन आयोग का रुख कर अपनी चिंताओं से अवगत कराया और इस कवायद के समय को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने दावा किया कि इस प्रकिया से बिहार के 30 प्रतिशत ज्यादा मतदाताओं को मतदान से वंचित होना पड़ सकता है। इस मौके पर बबन राजभर, केदारनाथ पड़ित, देवशंकर भगत ,रामजन्म भगत, राजकिशोर भगत, रामबालक भगत आदि उपस्थित थे।

# वैश्य टोली के युवाओं का शराब विरोध पड़ा भारी

**सिवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के मलमलिया चौक व कौड़ियां में शुक्रवार को तीन लोगों की हुई हत्या की घटना को लेकर स्थानीय लोगों में भगवानपुर थाना के तत्कालीन थानाध्यक्ष सूरज कुमार चौधरी के खिलाफ नाराजगी है। लोगों का कहना है कि कौड़ियां वैश्य टोली गांव के युवाओं द्वारा पूर्व में शत्रुघ्न सिंह के खिलाफ दिए आवेदन व गुरुवार को कन्हैया सिंह द्वारा भगवानपुर हाट थाने को दिए आवेदन पर तत्काल कार्रवाई हुई रहती, तो संभव था कि शुक्रवार की घटना नहीं होती। वैसे मामले में लापरवाही को लेकर डीआइजी द्वारा थानाध्यक्ष के निलंबन की कार्रवाई हत्याकांड के बाद की गई है, लेकिन घटना ने मृतकों के स्वजनों को जो जख्म दे दिया, उसकी भरपाई तो संभव ही नहीं है। लोगों का कहना है कि शत्रुघ्न सिंह आपराधिक गतिविधियों में शुरू से ही शामिल रहा है। उसने गलत तरीकों से रुपये कमा चिमनी खोल ली व कई वाहन भी खरीदे। उसकी पत्नी आज भी मलमलिया, बसंतपुर सहित अन्य बाजारों के कई दुकानदारों को रुपये कर्ज देकर जबरन अधिक ब्याज की उगाही भी करती है। शनिवार को अपनों को खोने का दर्द स्वजनों के चहरे पर साफ दिखा। मृतकों के घरों से रुक-रुक कर महिलाओं के करुण-क्रंदन की आवाज लोगों का सीना बेध रही थी। सबसे खराब स्थिति पूर्व मुखिया अखिलेश सिंह की थी। इस कांड में उन्होंने अपने इकलौते बेटे रोहित को खो दिया। गांव में जातिगत तनाव की घटना बस कुछ खास मौकों पर ही सामने आती थी।

### एक माह से चल रहा था विवादः

स्थानीय लोगों के अनुसार गांव के युवाओं द्वारा आवेदन देने की बात सामने आते ही शत्रुघ्न सिंह उग्र हो गया था। आपराधिक छवि का धौंस दिखाते हुए उसने आवेदन देने वाले युवाओं में से एक को पकड़ मारपीट की। इसी के साथ गांव में दोनों पक्षों में वर्चस्व की लड़ाई शुरू हो गई। बताते हैं कि दोनों पक्षों से एक-दूसरे को पकड़ मारपीट का सिलसिला शुरू हो गया। ऐसा नहीं था कि प्रशासन मामले से अंजान थी, लेकिन उसको इस बात का थोड़ा भी एहसास नहीं हुआ कि इन छोटी मारपीट की घटनाओं का अंजाम इस तरह से होगा। फिलहाल लोगों का यह कहना है कि घटना में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिले।

## भाकपा माले ने मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ निकाला प्रतिवाद मार्च

**सीवान।** दरौली प्रखंड में शनिवार को मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य के विरोध में प्रतिवाद मार्च निकाला। इस दौरान भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने मतदाता पुनरीक्षण कार्य को तत्काल वापस लेने, मतदान के अधिकार को छीनना बंद करने, चुनाव आयोग के माध्यम से गरीब, अनपढ़, दलित, महादलित, अल्पसंख्यकों को मतदाता सूची से नाम काटने आदि की मांग प्रशासन से की। प्रतिवाद मार्च माले कार्यालय से आरंभ होकर विभिन्न चौक-चारोहों से होकर थाना मोड़ पहुंचकर एक आम सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता कर रहे भाकपा माले के प्रखंड कमेटी के सदस्य कपिलमुनि साह ने कहा कि मोदी सरकार ने पहले श्रमिकों के अधिकारों को छीना, अब जनता से प्रमाण पत्र मांगना शुरू की है। लालबाबु पासवान ने बिहार में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर निर्वाचन आयोग का रुख कर अपनी चिंताओं से अवगत कराया और इस कवायद के समय को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने दावा किया कि इस प्रकिया से बिहार के 30 प्रतिशत ज्यादा मतदाताओं को मतदान से वंचित होना पड़ सकता है। इस मौके पर बबन राजभर, केदारनाथ पड़ित, देवशंकर भगत ,रामजन्म भगत, राजकिशोर भगत, रामबालक भगत आदि उपस्थित थे।

## बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एसआइटी टीम का गठन-डीआइजी

**सिवान।** भगवानपुर प्रखंड के मलमलिया बाजार में शुक्रवार की देर शाम एक पक्ष के बदमाशों ने दूसरे पक्ष के तीन लोगों की हत्या कर दी। इस मामले में डीआइजी नीलेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने लोगों से बातचीत की है, जिसके आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। इसको लेकर एसआइटी टीम का गठन किया गया है। जो बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस गांव में कैंप कर रही है।

# डीएम-एसपी ने किया फ्लैग मार्च

**सिवान।** भगवानपुर प्रखंड के मलमलिया बाजार में शुक्रवार की देर शाम एक पक्ष के बदमाशों ने दूसरे पक्ष के तीन लोगों की हत्या कर दी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नौ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वहीं शनिवार को जिलाधिकारी डा. आदित्य प्रकाश व पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप फ्लैग मार्च किया। जिला प्रशासन की ओर से जारी प्रेस रिलीज में बताया गया कि चार जुलाई को भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र अंतर्गत मलमलिया बाजार के पास धारदार हथियार से हमला कर तीन व्यक्तियों की जघन्य हत्या एवं अन्य दो को गंभीर रूप से घायल होने के मामले में जांच की जा रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस पदाधिकारी के निर्देशानुसार घटना में संलिप्त अभियुक्तों को हिरासत में लेते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से साक्ष्यों के संकलन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महाराजगंज राकेश कुमार रंजन के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान दल (एसआइटी) का गठन किया गया है। गठित एसआइटी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अबतक घटना में संलिप्त कुल नौ व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साथ ही अपराध जनित संपत्ति की जांच एवं जब्ती की कार्रवाई की जा रही है।

### आपरेशन अमानत के तहत यात्री का लौटाया सामान

**सिवान।** आपरेशन अमानत के तहत आरपीएफ ने एक यात्री का सामान बरामद कर उसके सिपुर्द कर दिया। मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर ने सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि चार जुलाई को सुरक्षा नियंत्रण कक्ष वाराणसी से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 11059 के इंजन के पीछे जनरल कोच में एक पेंट की प्लास्टिक का बाल्टी तथा काले रंग का बैग छूट गया है। उपरोक्त सूचना प्राप्त होने पर प्लेटफार्म ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल सुभाष यादव को नोट कराया गया था। गाड़ी आने पर अटेंड कर जनरल कोच में रखे सामान मिलने पर उसे रखा गया था। जिसकी सूचना सुरक्षा नियंत्रण कक्ष वाराणसी को दी गई। शनिवार को सामान के स्वामी कमलेश महतो पोस्ट पर आए और बताया कि मैं भटनी स्टेशन पर शौचालय करने के लिए गाड़ी से नीचे उतरा था, जब तक गाड़ी भटनी स्टेशन से खुल गई। मेरे द्वारा हेल्पलाइन 139 पर सूचना दी गई थी।

